समस्त परिवार मिलन, बहरीन द्वारा आयोजित विजय दीपावली समारोह

15 नवम्बर 2024

राजदूत श्री विनोद के जैकब का भाषण

Speech by Ambassador Vinod K Jacob on occasion of Vijay Deepawali organized by Samast Parivat Milan Bahrain, 15 November 2024

नमस्कार ।

माननीय,

श्री गजेंद्र चौहान, कुलपति, University of Performing and Visual Arts, श्री मुहम्मद फैज़ खान, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, समस्त परिवार मिलन के पदाधिकारी (और सदस्य गण,

आज समस्त परिवार मिलन बहरीन द्वारा आयोजित, विजय दीपावली समारोह में, भाग लेकर मुझे अत्यंत खुशी हो रही है।

आप सभी को, और आपके परिवार को, इस अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ।

दीपावली, प्रकाश का यह पर्व, आपके जीवन में खुशियाँ और समृद्धि लाए।

यह हम सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है, कि आज दीपावली का त्यौहार एक वैश्विक पर्व बन गया है !

दिपावली का यह उत्सव परिवार और समाज को एक साथ जोड़ता है।

मुझे खुशी है, कि जब आप सभी दीपावली का पर्व मना रहे हैं, तब बहरीनी मित्र भी आपके साथ शामिल हो रहे हैं और इस त्योहार की खुशी में हिस्सा ले रहे हैं।

मैं समस्त परिवार मिलन बहरीन के सभी सदस्यों, तथा बहरीन में स्थित सभी भारतीयों से, अनुरोध करता हूं कि, वे इस मित्र देश के कानून और नियमों का पालन करते हुए, एक अच्छे निवासी के रूप में रहें, और काम करें।

इससे बहरीन के साथ, भारत के पारंपरिक रूप से जुड़े द्विपक्षीय संबंधों को, मजबूत करने में सहायता मिलेगी।

अंत में, मैं आप सभी को, "भारत को जानिए क्विज" में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता हूं। इस क्विज़ में शीर्ष स्कोर प्राप्त करने वाले को भारत को जानिए यात्रा तथा जनवरी 2025 में भुवनेश्वर में होने वाले प्रवासी भारतीय दिवस में भी भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जायेगा।

धन्यवाद ।